हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार 2 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 41.1 डिग्रीसे
न्यूनतम 25.7 डिग्रीसे

12 नेशनल टीचर्स अवॉर्ड 2026 के आवेदन शुरू ...



12 राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवसः आकाश एजुकेशनल ने भविष्य के ...



## खबर संक्षेप

### नहर में डूबे छात्र का शव 60 घंटे बाद मिला

**कुरुक्षेत्र।** भाखड़ा नहर में डूबे उत्तर प्रदेश निवासी छात्र रोहित का शव करीब 60 घंटे बाद बरामद हो गया। रविवार से चल रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान मंगलवार रात करीब दो बजे परिजनों ने किरमिच हेड के पास नहर में शव देखा और पुलिस व गोताखोर प्रगट सिंह को सूचना दी। गोताखोर ने शव बाहर निकालकर पुलिस के हवाले किया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। रोहित का शव हादसे वाली जगह से करीब 12 किलोमीटर दूर मिला। वह गर्मी की छुट्टियां बिताने कुरुक्षेत्र आया था। परिजनों के अनुसार, उसकी सितंबर में शादी तय थी, लेकिन हादसे से परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं।

### पैसे डबल करने का झांसा देकर 15 लाख की ठगी

**यमुनानगर।** पैसे डबल करने का झांसा देकर हिमाचल के ढकोली निवासी निशा चौहान से 15 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर रादौर पुलिस ने गांव भूरे का माजरा के पूर्व सरपंच रिशिपाल उर्फ काला और पिंजौर निवासी टिंकू ठाकुर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। निशा ने बताया कि टिंकू ने उसे रिशिपाल से मिलवाया और दावा किया कि वह पैसे दोगुने कर देता है। एक जनवरी 2026 को उसने रिशिपाल को 15 लाख रुपये दिए। इसके बाद आरोपी ने पुलिस आने का शोर मचाकर उसे वहां से भेज दिया और न तो पैसे लौटाए, न ही दोगुने किए। जांच के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी।

### महिला से अश्लील हरकत, आरोपी पर केस

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव की 32 वर्षीय महिला ने गांव के ही जुल्फिकार पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने बताया कि आरोपी काफी समय से उसका पीछा कर परेशान कर रहा था। 28 जून की शाम करीब पांच बजे वह गांव में किसी काम से जा रही थी। इसी दौरान जुल्फिकार ने रास्ते में उसे रोक लिया और अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने घटना की जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई।

### पुस्तक भंडार के बाहर खड़ी कार से बैग चोरी

**यमुनानगर।** शहर के महावीर चौक स्थित बांघा पुस्तक भंडार के बाहर खड़ी कार से चोरों ने बैग चोरी कर लिया। बैग में दस्तावेज व साढ़े 14 हजार रुपये थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। पुराना हमीदा निवासी राहुल ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 30 जून को शहर के महावीर चौक स्थित बांघा पुस्तक भंडार पर अपनी कार में आया था। उसने कार पुस्तक भंडार के बाहर खड़ी की थी। जब वह वापस आया तो उसे कार की खिड़की खुली मिली। जांच करने पर अंदर से बैग गायब था। उसने बताया कि उसके बैग में साढ़े 14 हजार रुपये तथा कार के दस्तावेज थे।

### रंजिश में परिवार पर हमला, सात पर केस

**यमुनानगर।** छछरौली के गांव दसोरी में रंजिश में एक परिवार पर हमला कर चार लोगों को घायल कर दिया गया। पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित आदिल ने बताया कि कुछ दिन पहले गांव के सुलेमान और रहमान से कहासुनी हुई थी, जिसके बाद वे रंजिश रखने लगे। आरोप है कि रात करीब आठ बजे सुलेमान, रहमान, अखिल, राकीब, सबला, शौकीन और अब्बास ने डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया।

### सीएम ने 15 दिन में टेंडर की नियम-शर्तें तैयार कर मंजूरी के लिए भेजने के दिए निर्देश

# अंबाला कैंसर अस्पताल में जल्द लगेगी अत्याधुनिक पैट-स्कैन मशीन

**एनालॉग की जगह डिजिटल पैट-स्कैन मशीन लगाने पर जोर, मिलेगी अधिक सटीक जांच**

**आयुष्मान भारत के पात्र मरीजों को नि:शुल्क और अन्य मरीजों को किफायती दरों पर मिलेगी सुविधा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कैंसर मरीजों की सुविधा के लिए अंबाला के कैंसर अस्पताल में जल्द से जल्द आधुनिक पैट-स्कैन मशीन स्थापित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को अगले 15 दिनों में टेंडर की नियम एवं शर्तें तैयार कर अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में परिवहन मंत्री अनिल विज और मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव आरके खुल्लर भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंबाला का कैंसर अस्पताल प्रदेश ही नहीं, आसपास के राज्यों के मरीजों के लिए भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में यहां पैट-स्कैन मशीन की उपलब्धता जरूरी है। उन्होंने बताया कि यह उन्नत इमेजिंग तकनीक कैंसर की पहचान, उसकी स्टेज और शरीर में फैलाव का सटीक पता लगाने के साथ-साथ कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी के प्रभाव का आकलन करने में भी सहायक है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पहले प्रस्तावित एनालॉग मशीन की जगह डिजिटल पैट-स्कैन मशीन लगाने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को अधिक सटीक जांच सुविधा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि खरीदी जाने वाली मशीन नवीनतम तकनीक की हो तथा जांच की दरें किफायती रखी जाएं, जिससे मरीजों पर आर्थिक बोझ न पड़े। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के पात्र लाभार्थियों को यह जांच निःशुल्क उपलब्ध रहेगी और अंबाला कैंसर अस्पताल में इस सुविधा को प्राथमिकता दी जाएगी। परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला के कैंसर अस्पताल में हरियाणा के अलावा छह-सात राज्यों के मरीज इलाज के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि हालांकि अंबाला के निकट सद्दोपुर में पैट-स्कैन मशीन उपलब्ध है, लेकिन भर्ती मरीजों को जांच के लिए बाहर ले जाना असुविधाजनक होता है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में पहले से ही अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध हैं और पैट-स्कैन मशीन लगने के बाद मरीजों को और बेहतर उपचार सुविधा मिल सकेगी। बैठक में एचएमएससीएल के प्रबंध निदेशक मनोज तथा स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉ. मनीष बंसल सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



**अंबाला।** अंबाला के नारायणगढ़ में एसआईआर गणना प्रपत्र भरने के उपरांत बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) राकेश कुमार को सौंपते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### सीएम नायब सिंह सैनी ने नारायणगढ़ में भरा एसआईआर गणना प्रपत्र

**अंबाला।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को नारायणगढ़ दौरे के दौरान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में भाग लिया। उन्होंने रेस्ट हाउस नारायणगढ़ में अपना गणना प्रपत्र स्वयं भरकर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) राकेश कुमार को सौंपा।मुख्यमंत्री ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध और अद्यतन होना निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए आवश्यक है। उन्होंने पात्र मतदाताओं से समय पर गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ के पास जमा कराने और अभियान में सहयोग देने की अपील की।उन्होंने कहा कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से मतदाता सूची अधिक सटीक और त्रुटिरहित बनेगी। मुख्यमंत्री ने निर्वाचन कर्मियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी योग्य मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे।

### नारायणगढ़ को जिला बनाने की मांग, विधायक शैली चौधरी ने सीएम को सौंपा मांगपत्र

**शहजादपुर।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष विधायक शैली चौधरी ने नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर कई मांगें रखीं। उन्होंने मुख्यमंत्री को क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़ा मांगपत्र सौंपते हुए नारायणगढ़ को जिला बनाने और यहां मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की मांग की।विधायक ने नारायणगढ़ में आईएमटी की सौगात देने पर मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिली है। उन्होंने नारायणगढ़ को रेलवे लाइन से जोड़ने, परिवहन विभाग के सब डिपो को पूर्ण डिपो का दर्जा देने और हथनीकुंड से नारायणगढ़ तक नहर निर्माण की मांग भी रखी।इसके अलावा उन्होंने शहर के राजावाला तालाब के सौंदर्यीकरण, पक्के नालों के निर्माण, इंडोर स्टेडियम, पेयजल व्यवस्था सुधारने और पुरानी सीवरेज लाइन बदलने का आग्रह किया। विधायक ने गांवों में सामुदायिक भवन, नागरिक अस्पताल में सीटी स्कैन, एमआरआई और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग भी की।

## यमुनानगर में बारिश गर्मी से मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले एक पखवाड़े से मौसम में बन रही गर्मी की तपिश व उमस झेल रहे जिलेवासियों को बुधवार को कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश होने से राहत मिली। इस दौरान मौसम सुहावना बन गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। किसानों ने बारिश को धान की रोपाई करने में लाभदायक बताया। - गर्मी की तपिश झेल रहे थे जिलेवासी बुधवार को आसमान में बादल छा गए और बुंदाबांदी होने लगी। इसके बाद जिले में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। आलम यह रहा कि जिले में दिन भर आसमान के बादल छाए रहे और रुक रुक कर बारिश होती रही। जिसकी वजह लोगों को गर्मी से राहत मिली और दिन भर मौसम सुहावना बना रहा।

#### किसानों के खिले चेहरे

गर्मी की तपिश से फसलों को सूखे से बचाने में लगे किसानों के बुधवार को हुई बारिश से चेहरे खिल उठे। किसान मनोज कुमार, सुलेख चंद, रामबीर, सतीश व श्यामलाल का कहना है कि पिछले करीब एक पखवाड़े से पड़ रही गर्मी की तपिश व बिजली कटौती के कारण उनकी गन्ने व चारा की फसलें सिंचाई के बिना सूखने के कगार पर पहुंच गई थी।

### कुरुक्षेत्र में बरसे बादल, उमस से मिली राहत, खेती के लिए वरदान

**कुरुक्षेत्र।** जिले में बुधवार दोपहर हुई झमाझम बारिश से पिछले कई दिनों से जारी उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली। सुबह से छाए बादलों के बाद करीब 12 बजे बूंदाबांदी शुरू हुई, जो तेज बारिश में बदल गई। बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रहा।बारिश किसानों के लिए भी राहत लेकर आई है। किसानों के अनुसार यह बारिश धान की फसल के लिए लाभदायक साबित होगी। खेतों में नमी बढ़ने से सिंचाई का खर्च कम होगा। हालांकि तेज बारिश से शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव की समस्या भी सामने आई। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।



**कुरुक्षेत्र।** बारिश में गंतव्य को जाते वाहन चालक।

## नशीले पदार्थ के साथ आरोपी पकड़ा 2.12 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस की एंटी नारकोटिक सैल टीम ने नशीला पदार्थ रखने और सप्लाई करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 किलो 12 ग्राम चूरापोस्त बरामद किया है।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी उप निरीक्षक सतविंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम बीआर चौक के पास मौजूद थी। सूचना मिली कि 7-बी कुरुक्षेत्र स्थित वर्कशॉप में काम करने वाला मोहन लाल उर्फ मौणी चूरापोस्त बेचता है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली तो लोहे की अलमारी से 2 किलो 12 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ।पुलिस ने आरोपी मोहन लाल उर्फ मौणी निवासी बोडशाम, करनाल को गिरफ्तार कर थाना कृष्णा गेट में केस दर्ज किया। पूछताछ के आधार पर नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी मोहन लाल उर्फ भूरा निवासी आकाश नगर कुरुक्षेत्र को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।




### यमुनानगरः लाखों रुपये की हेरोइन के साथ तीन युवक गिरफ्तार

- पुलिस ने तीनों आरोपियों से बरामद की 22.73 ग्राम हेरोइन

**यमुनानगर।** जिला पुलिस ने दो स्थानों से 22.73 ग्राम हेरोइन के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहे थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार प्रताप नगर थाना क्षेत्र में तैनात एएसआई ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान उन्हें सूचना मिली थी की खिजरी मोड़ के पास दो युवक संदिग्ध परिस्थितियों में खड़े हैं। आरोपी नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे दो युवकों को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 10.74 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जिसकी बाजार में कीमत करीब 33 हजार रुपए है। पूछताछ के दौरान आरोपियों की पहचान प्रताप नगर निवासी अनीस अंसारी व फिरोज खान के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उधर,बाड़ी माजरा स्थित बंद पड़ी राधाकृष्णन प्लाईवुड फैक्ट्री के पास एक युवक नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहा है। युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 11.99 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### यूपी प्रवासी मजदूर ने की आत्महत्या

- वे पिछले 6 महीनों से काम की तलाश कर रहे थे, लेकिन रोजगार न मिलने के कारण गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा था

**पानीपत।** पानीपत के अर्जुन नगर इलाके में सुरेंद्र नामक व्यक्ति ने फंदे पर लटक कर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस की जांच में पता चला कि सुरेंद्र मूल रूप से उत्तर प्रदेश का निवासी था और पानीपत में रोजगार के लिए अपने परिवार के साथ आया था। वहीं, बेरोजगारी और आर्थिक तंगी के चलते वह मानसिक तनाव में था और उसने काम नहीं मिलने के चलते अपनी पत्नी की साड़ी से फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। दूसरी ओर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद सुरेंद्र के शव उनके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## घरौंडा अनाज मंडी के व्यापारी पर पिस्टल से हमला करने का प्रयास

**भागते समय स्कॉर्पियो मौके पर छोड़ गए बदमाश, पुलिस ने कब्जे में ली**

- दुकान के पास बुलाकर वारदात की कोशिश, विरोध पर आरोपी हुए फरार
- भीम उर्फ चुलकाना समेत अन्य आरोपियों पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

घरौंडा अनाज मंडी के एक व्यापारी को फोन पर लगातार जान से मारने की धमकियां देने और बाद में पिस्टल दिखाकर हमला करने की कोशिश का मामला सामने आया है। आरोप है कि बदमाशों ने पहले व्यापारी को अलग-अलग स्थानों पर मिलने के लिए बुलाया और जब वह वहां पहुंचा तो हर बार जगह बदलते रहे। आखिरकार रात को दुकान के पास बुलाकर उसे डराने और हमला करने का प्रयास किया गया। घटना के दौरान आरोपी अपनी एक स्कॉर्पियो मौके पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पानीपत जिले के थाना मतलौडा क्षेत्र के गांव छिछड़ाना निवासी संदीप कुमार ने घरौंडा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पिछले करीब नौ वर्षों से घरौंडा अनाज मंडी में अनाज का व्यापार कर रहा है और उसकी दुकान मंडी में ही है। शिकायत के अनुसार 29 जून को दोपहर करीब 12:30 बजे उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने अपना नाम भीम उर्फ चुलकाना बताया और उसे समालखा स्थित मन्नत ढाबे पर मिलने के लिए बुलाया। आरोपी ने यह भी कहा कि यदि वह मिलने नहीं आया तो उसे घर आकर जान से मार दिया जाएगा। धमकी को गंभीरता से लेते हुए संदीप अपने परिचितों को साथ लेकर मन्नत ढाबा पहुंचा, लेकिन वहां पहुंचने के बाद आरोपी ने फिर फोन कर उसे समालखा अनाज मंडी की कैंटीन में बुला लिया। जब वह कैंटीन पहुंचा तो आरोपी ने दोबारा फोन कर कहा कि वह वहां से बाहर चला गया है और तीन-चार घंटे बाद उसके घर आकर उसे जान से मार देगा। रात 7:43 बजे आरोपी ने उसकी दुकान के पास की संदीप अपने तीन साथियों के साथ बताए गए स्थान पर पहुंचा। आरोप है कि वहां पहले से तीन गाड़ियों में कई युवक मौजूद थे। उनमें से एक युवक ने पिस्टल निकालकर उसे डराने और हमला करने का प्रयास किया। इस दौरान संदीप और उसके साथियों ने आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वे मौके से फरार हो गए। भागते समय आरोपी अपनी काली स्कॉर्पियो गाड़ी वहीं छोड़ गए।

### बास्केटबॉल, कबड्डी और कुश्ती में राष्ट्रीय स्तर पर विवि का बढ़ाया मानः : प्रो. सोमनाथ

## केयू की महिला खिलाड़ियों ने खेल जगत में गढ़ी सफलता की नई इबारत



- रानी रामपाल, सविता पूनिया, नवनीत कौर और नवजोत कौर जैसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी केयू की देन
- स्वीटी बूरा को अर्जुन पुरस्कार, कृष्णा पूनिया और गीता जुत्शी को मिल चुका है पद्मश्री सम्मान
- आधुनिक खेल सुविधाएं, अनुभवी प्रशिक्षक और प्रशासन का सहयोग सफलता का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ियों ने खेल जगत में अपनी प्रतिभा, मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। विश्वविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर न केवल विश्वविद्यालय बल्कि हरियाणा और देश का नाम भी गौरवान्वित किया है। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ियों की उपलब्धियां केवल वर्तमान तक सीमित नहीं हैं। विश्वविद्यालय ने देश को अनेक अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी दी हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी रामपाल, गोलकीपर सविता पूनिया, नवनीत कौर और नवजोत कौर जैसी खिलाड़ियों ने ओलंपिक सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि बॉक्सिंग के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की खिलाड़ी स्वीटी बूरा को वर्ष 2025 मंग भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं एथलेटिक्स की दिग्गज खिलाड़ी कृष्णा पूनिया और गीता जुत्शी को पद्मश्री सम्मान प्राप्त हो चुका है। साहसिक खेलों में ममता सौदा ने तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। खेल निदेशक प्रो. डी.एस. राणा ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में उपलब्ध आधुनिक खेल सुविधाएं, अनुभवी प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन तथा प्रशासन का निरंतर सहयोग खिलाड़ियों की सफलता की मजबूत आधारशिला है।

## एमएससी माइक्रोबायोलॉजी जियोग्राफी व रसायन विज्ञान प्रवेश परीक्षा, 510 छात्र शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में मंगलवार को आयोजित एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, जियोग्राफी व रसायन विज्ञान पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, एमएससी भूगोल तथा एमएससी. रसायन विज्ञान की प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 608 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे, जिनमें से 510 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 98 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। डॉ. अकेश्वर प्रकाश ने बताया कि एम.एससी. माइक्रोबायोलॉजी की परीक्षा के लिए 131 अभ्यर्थियों को आवंटित किया गया था, जिनमें से 104 उपस्थित हुए तथा 27 अनुपस्थित रहे। वहीं एम.एससी. भूगोल की प्रवेश परीक्षा में 203 अभ्यर्थियों में से 173 ने परीक्षा दी, जबकि 30 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं एम.एससी. रसायन विज्ञान की प्रवेश परीक्षा में सर्वाधिक 274 अभ्यर्थियों को आवंटित किया गया था।

इनमें से 233 अभ्यर्थी उपस्थित हुए तथा 41 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी परीक्षा केंद्रों पर सफलतापूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

### कुरुक्षेत्र में प्राइवेट बस ने बाइक सवार को कुचला, मौत

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा शहर में बुधवार दोपहर सड़क हादसे में 26 वर्षीय बाइक सवार युवक की जान चली गई। शहर के मुख्य चौक के पास प्राइवेट बस की चपेट में आने से युवक का सिर बस के टायर के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान रोहित गुर्जर निवासी जेपी कॉलोनी, पिहोवा के रूप में हुई है। रोहित का पिता सतनाम सिंह पिहोवा अनाज मंडी में पल्लेदारों का ठेकेदार है और रोहित अपने पिता के साथ ही काम करता था। घटना दोपहर करीब पौने 4 बजे की है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, प्राइवेट बस पिहोवा बस स्टैंड से चलकर शहर के मुख्य चौक से होते हुए पुंडरी-राजौंद की ओर जा रही थी। इसी दौरान चौक के पास रोहित अपनी बाइक पर घर से चौक की तरफ आ रहा था। अचानक वह बस की चपेट में आ गया। हादसा इतना गंभीर था कि उसका सिर बस के टायर के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### पानीपत में टीडीआई पुल के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौत

**पानीपत।** पानीपत में टीडीआई पुल के पास रेलवे ट्रैक से आरती निवासी सोनीपत का रेलगाडी से कटा हुआ शव पडा मिला। जीआरपी पानीपत थाना ने लडकी की पहचान कर इस घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। इधर, जीआरपी ने पोस्टमार्टम के बाद आरती का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। दूसरी ओर, जीआरपी जीआरपी इस बात की गहनता से जांच कर रही है कि आरती सोनीपत से पानीपत कैसे पहुंची और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। आरती की मौत हादसा है या आत्महत्या है या फिर हत्या है इसकी जीआरपी जांच कर रही है।

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी रादौर में बीफार्मेसी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को दी विदाई

# मुस्कान बनी मिस फेयरवेल, भव्य सैनी को मिस्टर फेयरवेल का खिताब

**फराज अहमद मिस्टर पर्सनैलिटी तथा खुशी ने जीता मिस पर्सनैलिटी का खिताब**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी रादौर में बीफार्मेसी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा सत्र 2022-2026 के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह उत्साह, उमंग और भावनाओं से भरपूर रहा, जिसमें जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के साथ बिताए गए यादगार पलों को साझा करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ विदाई दी। मौके पर मुस्कान को मिस फेयरवेल तथा भव्य सैनी को मिस्टर फेयरवेल का खिताब दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के स्वागत के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ नृत्य, संगीत, मनोरंजक खेल, टैलेंट राउंड, रैंप वॉक तथा विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से सभी का मनोरंजन किया। हर प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया और कार्यक्रम में विद्यार्थियों का उत्साह देखने लायक था। बीफार्मेसी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने समारोह की शानदार योजना बनाई और उसे सफलतापूर्वक आयोजित किया। उनके समर्पण, टीमवर्क और बेहतर समन्वय ने इस आयोजन को सभी के लिए अविस्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक और बहुप्रतीक्षित हिस्सा टाइटल सेरेमनी रही। विभिन्न राउंड और गतिविधियों के आधार पर मिस्टर फेयरवेल का खिताब भव्य सैनी को मिला, जबकि मिस फेयरवेल का खिताब मुस्कान को प्रदान किया गया। वहीं मिस्टर पर्सनैलिटी का सम्मान फराज अहमद तथा मिस पर्सनैलिटी का सम्मान खुशी को उनके आत्मविश्वास, प्रभावशाली व्यक्तित्व, मंच पर शानदार प्रस्तुति और सकारात्मक सोच के लिए दिया गया।


रादौर। ग्लोबल संस्थान में आयोजित विदाई समारोह में विजेताओं को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना

विभागाध्यक्ष डॉ.नेहा यादव ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक यात्रा के सफल समापन पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कॉलेज जीवन केवल शिक्षा प्राप्त करने का माध्यम नहीं है बल्कि यह व्यक्तित्व विकास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और जीवन के महत्वपूर्ण अनुभवों का भी आधार होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य निर्धारित करने, अपने पेशे के नैतिक मूल्यों का पालन करने तथा समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया। संस्थान के प्राचार्य डॉ.अश्वनी कुमार ने स्नातक होने जा रहे विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जहाँ से वे अपने नए पेशेवर सफर की शुरुआत करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, ईमानदारी, अनुशासन और निरंतर सीखने की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

---

पुलिस ने ट्रिप मॉनिटरिंग सुविधा की दी जानकारी, साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताए

# अकेले यात्रा से न घबराएं बेटियां, पल-पल पर होगी पुलिस की नजर, तत्काल मिलेगी सहायता

**जिला पुलिस की सेफ सिटी टीम ने आईटीआई यमुनानगर में विद्यार्थियों को किया जागरूक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की सेफ सिटी टीम ने आईटीआई यमुनानगर में जागjtकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा और 112 ऐप के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सेफ सिटी टीम की एएसआई नीलम ने भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों खासकर छात्राओं से अपील की कि वे अकेले यात्रा के दौरान ट्रिप मॉनिटरिंग सुविधा का उपयोग करें। इस सुविधा के जरिए आपकी यात्रा की पल-पल की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को मिलती रहेगी। ऐसे में किसी भी आपात स्थिति में आपको तत्काल मदद मिल सकेगी।

एएसआई नीलम ने बताया कि जिला में पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों को सुरक्षा, साइबर अपराध और महिला सुरक्षा से जुड़े विषयों पर लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में सेफ सिटी टीम ने आईटीआई यमुनानगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। एएसआई नीलम ने विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता के लिए 112 ऐप की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके मोबाइल फोन में ऐप डाउनलोड करवाया। एएसआई नीलम ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में इस ऐप के माध्यम से पुलिस, एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाएं तुरंत प्राप्त की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि यह ऐप महिलाओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए बेहद उपयोगी हैं और संकट की घड़ी में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।


यमुनानगर। आईटीआई में जिला पुलिस प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करतीं सेफ सिटी टीम की एएसआई नीलम। फोटो : हरिभूमि

### ऐसे काम करती है ट्रिप मॉनिटरिंग सुविधा

मुख्य वक्ता एवं एएसआई नीलम ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों को ट्रिप मॉनिटरिंग सुविधा के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति विशेषकर महिलाएं या छात्राएं अकेली यात्रा कर रही हैं तो ट्रिप मॉनिटरिंग फीचर का उपयोग कर अपनी यात्रा को सुरक्षित बना सकती हैं। इस सुविधा के माध्यम से यात्रा की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम तक पहुंचती रहती है। जिससे आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सकती है। मौके पर उन्होंने साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी के दुरुपयोग, सोशल मीडिया फ्राड, डिजिटल भुगतान से जुड़े धोखाधड़ी के तरीकों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में भी विस्तार से बताया। एएसआई नीलम ने विद्यार्थियों से किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी बैंकिंग या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने और किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या लिंक पर तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचने की अपील की।

---

# अफसर बाढ़ संभावित क्षेत्रों की नियमित करें निगहबानीः प्रीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मानसून सीजन को देखते हुए जिला के बाढ़ संभावित इलाकों में बाढ़ राहत एवं सुरक्षा संबंधी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं। ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। उपायुक्त प्रीति ने अधिकारियों को उक्त निर्देश जिले के बाढ़ संभावित इलाके में चल रहे बाढ़ राहत इंतजामों का निरीक्षण करते हुए दिए।

उपायुक्त प्रीति ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न बाढ़ संभावित क्षेत्रों तलाकोर, पिंजौरा ड्रेन, चैतंग नाला, खानुवाला में सोमनदी, कान्हड़ी खुर्द स्थित नवनिर्मित पुल, मलिकपुर बांगर में पंप हाउस तथा विभिन्न क्षेत्रों में स्टेनिंग कार्य का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त प्रीति ने सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता प्रवीन गुप्ता को निर्देश दिए कि मानसून सीजन को देखते हुए सभी बाढ़ राहत एवं सुरक्षा संबंधी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बाढ़ राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी गंभीरता, सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि मानसून के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।


यमुनानगर। बाढ़ संभावित इलाकों का निरीक्षण करने के दौरान अधिकारियों को दिशा-निर्देश देतीं उपायुक्त प्रीति। फोटो : हरिभूमि

# सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए लागू कर रही योजनाएंः राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों, युवाओं समेत समाज के सभी वर्गों के हित के लिए योजनाएं लागू कर रही है। उन्होंने उक्त शब्द शहर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा केंद्र सरकार के बारह वर्षों की उपलब्धियों को लेकर आयोजित कार्यक्रम में कहे। मौके पर भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को पुष्प गुच्छा भेंटकर स्वागत किया।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की किसान हितैषी योजनाओं, ग्रामीण विकास कार्यक्रमों, डिजिटल क्रांति व आधारभूत ढांचे के विस्तार तथा गरीब कल्याण से जुड़ी योजनाओं का लाभ देश के करोड़ों लोगों तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व स्तर पर एक मजबूत और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में उभरा है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले वर्षों में विकास, सुशासन और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उनके नेतृत्व में देश ने आत्मनिर्भरता, डिजिटल क्रांति व आधारभूत संरचना के विस्तार तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू की गई अनेक योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। देश की सुरक्षा को मजबूत करने, सीमा क्षेत्रों के विकास और आतंकवाद के विरुद्ध सख्त नीति अपनाने से भारत की वैश्विक छवि और अधिक सुदृढ़ हुई है।


यमुनानगर। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग। फोटो : हरिभूमि

---

नगर निगम यमुनानगर कार्यालय में एसआईआर को लेकर हुई बैठक

# सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए शुद्ध मतदाता सूची बेहद जरूरी : प्रसाद

**देश के भविष्य के निर्माण में एक-एक वोट का होता है महत्व : निगमायुक्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर कार्यालय में अधिकारियों व पार्षदों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ट्विन सिटी में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने की।

निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि देश के भविष्य के निर्माण में एक-एक वोट अत्यंत मूल्यवान है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए निगम प्रशासन हर स्तर पर प्रयासरत है। एक सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए शुद्ध मतदाता सूची का होना बेहद अनिवार्य है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ट्विन सिटी में चलाए जा रहे इस विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत शहर के हर एक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि इस अभियान की सफलता के लिए बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) और संबंधित टीमें लगातार फील्ड में रहकर पूरी मुस्तैदी के साथ काम कर रही हैं। सभी नागरिकों से अपील है कि वे अपने बीएलओ को सही व सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि इस विशेष अभियान के तहत स्थानीय निवासियों को मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, पुराने व अशुद्ध नामों में आवश्यक संशोधन कराने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। इसके अलावा यदि कोई नागरिक अपना निवास स्थान बदल चुका है तो उसका नाम नए पते पर स्थानांतरित करने तथा अपात्र व मृत मतदाताओं के नाम सूची से हटवाने की ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों प्रक्रियाओं के बारे में अधिकारियों व पार्षदों को विस्तार से समझाया गया। उन्होंने पार्षदों से अपने अपने वार्डों में जनता को इसके प्रति जागरूक किए जाने की अपील की।


यमुनानगर। निगम अधिकारियों व पार्षदो की बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर दिशा निर्देश देते निगमायुक्त महाबीर प्रसाद।


यमुनानगर। बीएलओ की बैठक में निर्देश देते अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा।

### पूरी गंभीरता के साथ निभाएं जिम्मेदारी

**यमुनानगर।** जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में एसआईआर कार्य में लगे बूथ स्तर के बीएलओ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की। निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला उपायुक्त प्रीति के मार्गदर्शन में जिले में एसआईआर कार्य तय कार्यक्रम के अनुसार निरंतर जारी है। इस अभियान के अंतर्गत बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा गणना प्रपत्रों का घर घर जाकर संग्रहण तथा उनके डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। ताकि मतदाता सूची को अधिक शुद्ध व अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि एसआईआर अभियान के दौरान सभी बीएलओ को निर्धारित समय सीमा में गणना प्रपत्र एकत्रित करने एवं उनका डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

---

## न्यूज डायरी



### केक काटकर मनाया चिकित्सक दिवस

रादौर। सरकारी अस्पताल रादौर में बुधवार को राष्टÑीय चिकित्सा दिवस केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर एसएमओ रादौर डॉ.विजय परमार के नेतृत्व में स्टाफ सदस्यों ने केक काटकर डॉक्टर डे की बधाई दी। एसएमओ डॉ.विजय परमार ने बताया कि भारत के उत्कृष्ट चिकित्सक और भारत रत्न से सम्मानित डॉ.बिधान चंद्र रॉय के जन्म के उपलक्ष्य में 1 जुलाई को राष्टÑीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। जिन्होंने पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री के रूप में भी काम किया। भारत में राष्टÑीय चिकित्सक दिवस एक बड़ा जागरुकता अभियान है, जो सभी को मौका देता है। डॉक्टरों की भूमिका, महत्व और जिम्मेदारी के बारे में जानकारी प्राप्त करने के साथ ही साथ चिकित्सीय पेशेवर को इसके नजदीक आने और अपने पेशे की ज़िम्मेदारी को समर्पण के साथ निभाने के लिये प्रोत्साहित करता है। राष्टÑीय चिकित्सीय दिवस के रुप में हर वर्ष 1 जुलाई को पहचान और मनाये जाने के लिये 1991 में भारतीय सरकार द्वारा डॉक्टर दिवस की स्थापना हुई थी। भारत के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ.बिधान चन्द्र रॉय को श्रद्धांजलि और सम्मान देने के लिये 1 जुलाई को इसे मनाया जाता है।



### सुविधाओं की कमी का दंश झेल रहा गांव ठसका

**रादौर।** गांव ठसका में मूलभूत सुविधाओं के अभाव में गांव अपनी पहचाना खोता जा रहा है। यहां की उखड़ी पड़ी गलियां, खराब स्ट्रीट लाइटें, गंदगी से लबालब नालियां इसके अस्तित्व पर सवाल उठा रही हैं। आरोप है कि पंचायत द्वारा गांव के विकास की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गांव ठसका निवासी जितेंद्र कुहाड़ा, जयसिंह, सुरेश सैनी, नरेश कुमार, गुलाब सिंह, सुमित सैनी, मोनू, सुदेश सैनी व बलजीत सिंह आदि ने बताया कि पंचायत की अनदेखी के चलते गांव में विकास कार्य बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। गांव में गलियां व नालियां लंबे समय से बनाई नहीं गई। वहीं स्ट्रीट लाइटें भी खराब पड़ी होने से रात के समय हर जगह अंधेरा छा जाता है। उन्होंने बताया कि गांव में एक पशु अस्पताल भी बनाया हुआ है। पंचायत की अनदेखी के चलते पशु अस्पताल पर अन्य ग्रामीणों ने कब्जा किया हुआ है। गांव के कुछ लोग वहां गौबर के उपले व भूसा रखते हैं। साफ-सफाई के अभाव में हर समय पशु अस्पताल में गंदगी फैली रहती है। अस्पताल के आसपास बड़ी-बड़ी झाडियां उगी हुई हैं। उन्होंने कई बार पंचायत से गांव में विकास कार्य व साफ-सफाई की मांग की। लेकिन सरपंच का रवैया उनके साथ सही नहीं है। उन्होंने आरोप लगाय कि सरपंच गांव में विकास कार्य करवाए जाने से इंकार कर देते हैं। जिससे ग्रामीण अपने मन में एक टीस लेकर रह जाते हैं। वह अन्य गांवो की हालत देखकर उस दिन को कोसते हैं, जिस दिन उन्होंने गांव की बागडोर इस सरपंच के हाथों में दी थी। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि वह इस संबंध में हस्तक्षेप कर गांव में विकास कार्यों को करवाएं ताकि आम ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो सकें।

### शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

**यमुनानगर।** शहर के प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करने वाली एक युवती को युवक शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया। पुलिस ने युवती के पिता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह किराए के मकान में रहता है। उसकी 20 वर्षीय लड़की शहर के प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करती है। 29 जून को उसकी बेटी फैक्ट्री में काम पर गई थी मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी बेटी को प्रिंस कुमार शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी प्रिंस कुमार के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### शादी का वादा कर युवती से किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** शहर की फरकपुर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार फरकपुर थाना क्षेत्र की एक कालोनी निवासी 19 वर्षीय युवती ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 2025 में उसकी मुलाकात हरमनदीप सिंह के साथ हुई थी। आरोपी ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और उसे शादी करने की बात कहने लगा। वह आरोपी की बातों में आ गई। 12 दिसंबर 2025 को आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए गई तो आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद भी आरोपी उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत काम करता रहा। जब उसने आरोपी को शादी करने के लिए बोला तो आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया और उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि उसने आरोपी हरमनदीप सिंह की मां राजेंद्र कौर व पिता गुरमीत सिंह से बात की मगर आरोपियों ने उल्टा उसे ही कसूरवार ठहराते हुए अपने बेटे का साथ दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद हरदीप सिंह व उसके माता-पिता के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में करें सहयोग : मेहता

**लाडवा।** एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य आमजन के सहयोग के बिना संभव नहीं है। एसआईआर का कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है। इससे मतदाता सूची को त्रुटिरहित तैयार किया जा रहा है। बीएलओ द्वारा अपने-अपने बूथों पर एन्यूमरेशन फार्म बांटे गए हैं। जिन्हें जमा करवाने का कार्य चला हुआ है। इस कार्य को पार्षदों, बीएलए व गणमान्य के सहयोग से समय पर पूरा किया जाना ही संभव है। एसडीएम अनुभव मेहता बुधवार को अनाज मंडी धर्मशाला में आयोजित बीएलए की बैठक में बोल रहे थे।

### बीमारी से जूझ रहे कंप्यूटर इंजीनियर की मौत

**कुरुक्षेत्र।** मानसिक बीमारी से जूझ रहे एक कंप्यूटर इंजीनियर की सोमवार देर रात मौत हो गई। मृतक की पहचान हिमाचल प्रदेश के शिमला के रहने वाले 48 वर्षीय कुश शर्मा के रूप में हुई है, जो पिछले कई वर्ष से नोएडा की एक आईटी कंपनी में कार्यरत था। वह रविवार को शिमला से नोएडा काम पर जाने के लिए निकला था। जांच अधिकारी महेश कुमार ने बताया कि उन्हें सोमवार देर रात होटल से सूचना मिली की एक युवक होटल में दो दिन से रुका हुआ है और वह बार-बार आवाज देने के बाद भी कमरा नहीं खोल रहा है और अंदर न ही किसी प्रकार की कोई हरकत हो रही है।

### जन्म तिथि सत्यापन के लिए करें आवेदन : आर्य

**थानेसर।** अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि जिन नागरिकों को परिवार पहचान पत्र में जन्म तिथि सत्यापन के संबंध में एसएमएस प्राप्त हुआ है, वे अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर अथवा अटल सेवा केंद्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त नागरिक स्वयं भी सिटीजन बेनिफिशियरी पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके लिए मेरा परिवार डॉट एचपीपीए डॉट इन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

# अमृत सरोवर प्लस योजना से आत्मनिर्भर हरियाणा बनाने का खुल रहा मार्ग : राणा

## कैबिनेट मंत्री ने 6.18 करोड़ रुपये से तैयार विभिन्न गांवों के 15 तालाबों का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि अमृत सरोवर प्लस योजना से विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर हरियाणा बनाने का मार्ग खुल रहा है। इस देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में गांवों की अहम भूमिका है और गांव का विकास तालाबों, खेल, खलियानों और पर्यावरण के साथ संभव है। सरकार इन तालाबों को बनाने का कार्य कर सकती है और जीवंत रखने के लिए नागरिकों के सहयोग की जरूरत है। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा बुधवार को नये लघु सचिवालय के सभागार में विकास एवं पंचायत विभाग की तरफ से अमृत सरोवर प्लस योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा, हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, चेयरमैन सुभाष कलसाना, उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच, चेयरमैन रविंद्र सांगवान, जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सैनी ने 6 करोड़ 18 लाख 33 हजार रुपए से तैयार विभिन्न गांवों के 15 तालाबों का उद्घाटन किया।




**कुरुक्षेत्र।** विभिन्न गांवों के 15 तालाबों का उद्घाटन करते कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा।

### जल संरक्षण से मजबूत होगा विकसित भारत का संकल्प

#### प्रदेश में तालाबों के विकास को मिली नई गति

इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ऑनलाइन प्रणाली से सरपंचों व अधिकारियों को संबोधित किया। कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गांवों का लगातार विकास करवा रहे हैं। उन्हें पता है कि विकसित भारत का मार्ग गांवों से होकर गुजरता है और हमें अपनी आने वाली पीढ़ी को एक-एक बूंद बचाकर उन्हें पानी देना होगा। तभी विकसित भारत के संकल्प को धरातल पर उतारा जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक हजार से ज्यादा तालाबों को अमृत सरोवर बनाने की अनुमति दी थी। जिन पर लगातार काम चल रह है, इनमें से 156 करोड़ 90 लाख रुपए से 329 तालाबों को अमृत प्लस योजना में समर्पित किया था। अब 222 करोड़ 97 लाख रुपये से 325 तालाबों को उद्घाटन किया है। इससे पता चलता है कि प्रदेश सरकार केवल घोषणाएं नहीं करती, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारकर पूरा भी करती है।

### एक माह बाद पुन: सरकारी व निजी स्कूलों में लौट आई रौनक

# गर्मियों की छुट्टियों के बाद खुले विद्यालय पहले दिन विद्यार्थियों की रही कम हाजिरी

## अगले दो-तीन दिनों में उपस्थिति सामान्य होने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

लंबे ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद बुधवार को जिले के सरकारी एवं निजी स्कूल दोबारा खुल गए। एक माह बाद पुनः सरकारी व निजी स्कूलों में रौनक लौट आई। एक महीने की छुट्टियों के बाद विद्यालयों में एक बार फिर बच्चों की चहल-पहल देखने को मिली। हालांकि पहले दिन विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षा से कम रही। कई स्कूलों में कक्षाओं के दौरान काफी सीटें खाली नजर आईं, जबकि जो विद्यार्थी पहुंचे, उनमें अपने मित्रों और शिक्षकों से मिलने का उत्साह साफ दिखाई दिया। स्कूल खुलने के साथ ही सुबह शहर और आसपास के क्षेत्रों में स्कूल बसों, वैन और अभिभावकों के वाहनों की आवाजाही बढ़ गई। लंबे समय बाद स्कूल परिसर फिर से बच्चों की आवाजों से गुलजार हो उठे।



**कुरुक्षेत्र।** छुट्टी के बाद स्कूल से बाहर निकलते बच्चे।

प्रार्थना सभा के बाद नियमित रूप से कक्षाएं संचालित की गईं और शिक्षकों ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए पढ़ाई शुरू करवाई। विद्यालय प्रशासन के अनुसार पहले दिन कम हाजिरी का मुख्य कारण कई परिवारों का अभी तक छुट्टियों से वापस नहीं लौटना और कुछ अभिभावकों द्वारा एक-दो दिन बाद बच्चों को स्कूल भेजने का निर्णय रहा। इसके अलावा कुछ स्थानों पर मौसम और अन्य व्यक्तिगत कारणों से भी विद्यार्थी स्कूल नहीं पहुंच सके। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि अगले दो-तीन दिनों में उपस्थिति सामान्य होने की पूरी उम्मीद है।

#### बच्चों ने छुट्टियों के अनुभव किए साझा

शिक्षकों ने पहले दिन बच्चों से छुट्टियों के अनुभव साझा कराए और नए सत्र में नियमित रूप से पढ़ाई करने, समय का सदुपयोग करने तथा अनुशासन बनाए रखने का संदेश दिया। कई विद्यालयों में नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का भी स्वागत किया गया, जिससे उनके मन में विद्यालय के प्रति आत्मीयता का भाव विकसित हो सके। एक महीने के अवकाश के बाद जैसे ही विद्यार्थी कक्षा में पहुंचे तो पढ़ाई से ज्यादा वो ये पूछ रहे थे कि छुट्टी के दौरान कहां घूमने के लिए गए थे। किसी विद्यार्थी ने कहा मामा तो किसी ने बुआ के पास जाने की बात कही। पहला दिन होने के कारण पढ़ाई भी इतनी नहीं हुई। एक महीने के लिए जो होमवर्क दिए थे वो अध्यापक चेक करते रहे। सुबह 8 बजे ही स्कूल लग गए थे और दोपहर दो बजे छुट्टी हो गई। अभिभावकों ने भी स्कूल खुलने पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि नियमित पढ़ाई शुरू होने से बच्चों की दिनचर्या फिर से व्यवस्थित होगी। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि लंबे अवकाश के बाद शुरूआती कुछ दिनों तक उपस्थिति कम रहना सामान्य बात है, लेकिन धीरे-धीरे सभी विद्यार्थी विद्यालय पहुंचने लगते हैं और शैक्षणिक गतिविधियां पूरी गति पकड़ लेती हैं। स्कूल प्रशासन ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा समय पर विद्यालय पहुंचने की अपील की है।

## इस्कॉन में मनाया जगन्नाथ स्नान यात्रा एवं मैंगो फेस्टिवल



**कुरुक्षेत्र।** भगवान का विशेष स्नान करते इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष श्रीमान साक्षी गोपाल प्रभुजी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

ज्योतिसर स्थित इस्कॉन के श्री कृष्ण अर्जुन मंदिर में ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर भगवान जगन्नाथ स्नान यात्रा महोत्सव एवं मैंगो फेस्टिवल बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। यह स्नान यात्रा अथवा देव पूर्णिमा भगवान जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी के प्राकट्य दिवस (जन्मोत्सव) के रूप में भी मनाई जाती है। मधुर हरिनाम संकीर्तन और वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य भगवान श्री जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी का 108 कलशों के पवित्र जल से भव्य महाभिषेक किया गया। इस दिव्य उत्सव में लगभग 300 श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान के विशेष दर्शन किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कीर्तन, नृत्य और भगवान के जयघोषों के बीच सम्पन्न हुए अभिषेक ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से अभिषेक में भाग लिया तथा भगवान के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की।

#### वार्षिक रथ यात्रा 24 को

इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष श्रीमान साक्षी गोपाल प्रभुजी ने बताया कि स्नान यात्रा के पश्चात अब सभी भक्त आगामी जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारियों में जुट जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष इस्कॉन कुरुक्षेत्र की भव्य वार्षिक जगन्नाथ रथ यात्रा 24 जुलाई को बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ निकाली जाएगी। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी नगर भ्रमण करेंगे तथा भक्तों को अपने दिव्य दर्शन प्रदान करेंगे।



### बच्चों में कौशल विकास व अंदर छिपी प्रतिभा को मंच देता है शिविर : नीलम

**थानेसर।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ के निदेशानुसार व उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला बाल कल्याण परिषद्, कुरुक्षेत्र के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे समर कैंप का भव्य समापन समारोह सफलतापूर्वक हो गया। यह कैंप 1 जून से 30 जून तक बाल भवन कुरुक्षेत्र, मिनी बाल भवन, लाडवा व पेहवा में आयोजित किया गया। कुरुक्षेत्र, लाडवा व पिहोवा केंद्रों पर बच्चों के कौशल को निखारने के लिए नृत्य, मार्शल आर्ट व मेंहदी की कक्षाओं का शानदार आयोजन किया गया। सभी केन्द्रों पर बच्चों को नृत्य के बुनियादी स्टेप्स और कला सिखाई गई। कैंप में बालगीत, पंजाबी-हरियाणवी मैशअप आदि का प्रशिक्षण दिया गया। ब्यूटीशियन में मेंहदी से जुड़ी कला जैसे बाईडल, पाकिस्तानी, वेस्टर्न, अरेबियन मेहंदी का प्रशिक्षण दिया गया। मार्शल आर्ट में बच्चों को आत्मरक्षा के गुर सिखाये गये ताकि समय आने पर वे अपनी रक्षा स्वयं कर सकें। जिला बाल कल्याण अधिकारी नीलम ने कहा कि बाल भवन में प्रत्येक वर्ष जून में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसका उद्देश्य बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना, उनके कौशल का विकास करना व ग्रीष्मावकाश का सही उपयोग करना और उनके अंदर छिपी प्रतिभा को मंच देना है। समापन समारोह के अवसर पर बच्चों ने एक महीने में सीखी गई कलाओं का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों दी गई जिसने सभी का मन मोह लिया। कैंप में भाग लेने वाले बच्चों को उनकी लगन और सीखने के जज्बे के लिये प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संदीप, मीना, राज कुमार, सुमित कुमार, संतोष शर्मा, राकी, सुलेखा व सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### लायंस क्लब ने की नए सत्र की शुरुआत

**कुरुक्षेत्र।** देशभर में डॉक्टर डे एवं सीए डे बड़े श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान अंतरष्ट्रीय सामाजिक संस्था लायंस क्लब ने अपने नए सत्र की शुरूआत डॉक्टरों और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सम्मानित करके की। लायंस क्लब कुरूक्षेत्र के नवनियुक्त प्रधान संदीप कुमार, सचिव राजेश आनंद, कोषाध्यक्ष मनदीप मनी सग्गू ने बताया कि लायंस क्लब वर्षभर जनहित, समाज हित सेवा कार्यों में बढ़ चढ़कर अपना योगदान देती रहती है। आज नई टीम के नए सत्र के पहले दिन की शुरूआत डॉक्टर डे के अवसर पर डॉ. सुरिंदर मेहता, डॉक्टर उपासना मेहता, डॉक्टर दीपक अग्रवाल, डॉक्टर मोनिका सोफत चोपड़ा को लायंस क्लब की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान संदीप कुमार ने कहा कि डॉक्टर दिन-रात मानव सेवा में समर्पित रहते हैं और भगवान के बाद यदि कोई जीवन बचाने का कार्य करता है तो वह डॉक्टर है।

# फतेहगढ़ झरोली को पेयजल की सौगात 14 लाख की लागत से नया ट्यूबवेल शुरू

## शाहबाद में पंचायतों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा : कलसाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| शाहबाद

ग्राम पंचायत फतेहगढ़ झरोली के ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का समाधान हो गया है। करीब 14 लाख की लागत से गांव में नए ट्यूबवेल की स्थापना का कार्य पूरा होने के बाद इसके माध्यम से पेयजल आपूर्ति भी शुरू कर दी गई है। नये ट्यूबवेल का शुभारंभ हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना और सरपंच राकेश कुमार ने किया। शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए सुभाष कलसाना ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने पंचायतों को अधिक सशक्त बनाने का कार्य किया है। विकास योजनाओं के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे



**शाहबाद।** नए ट्यूबवेल का शुभारंभ हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना और सरपंच राकेश कुमार।

गांवों में सड़क, पेयजल, सीवरेज, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की किसी भी पंचायत को बुनियादी सुविधाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा तथा ग्रामीणों की रोजमर्रा की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में गमदूर सिंह, अमर सिंह, बिट्टू थडोली, रामप्रसाद, तिलक राज नलवी, आकाशदीप मेहला, गुरमेज सिंह, सुशील सैनी, सतनाम सिंह, गुरदेव सिंह, जसबीर सिंह, सुरेश शर्मा, सुखबीर, बलजीत, राम सिंह, होशियार सिंह, बलवंत सिंह पहलवान, राजकिशन सैनी, मामराज सैनी, कुलदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



**शाहबाद।** मारकंडेश्वर शिव मंदिर में पूजा अर्चना करते रोटरी रॉयल क्लब के पदाधिकारी।

### रोटरी रॉयल क्लब ने मारकंडेश्वर शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर की रोटरी वर्ष की शुरूआत

**शाहबाद।** रोटरी रॉयल क्लब के सभी सदस्यों ने अपने नए रोटरी वर्ष के पहले दिन की शुरूआत मारकंडेश्वर शिव मंदिर में भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना और आशीर्वाद लेकर की। इसके उपरांत, क्लब द्वारा समाज सेवा के कार्यों की झड़ी लगा दी गई। 'अन्नपूर्णा दिवस' के पावन अवसर पर क्लब के सदस्यों ने लाडवा रोड स्थित झुग्गी-झोपड़ियों में जाकर जरूरतमंद परिवारों और बच्चों को ताजे फल वितरित किए। पौष्टिक फल पाकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान आ गई। इसके साथ ही, 'अंतरराष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस' के अवसर पर क्लब ने चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टरों, डॉ. प्रभनूर हेयर और डॉ. साहिल वाधवा को शॉल, सर्टिफिकेट व स्मृति चिह्न भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने कहा कि डॉक्टर समाज की रीढ़ की हड्डी होते हैं, जो अपनी परवाह किए बिना दिन-रात मानवता की सेवा में जुटे रहते हैं। कोविड काल से लेकर सामान्य दिनों तक उनका समर्पण अतुलनीय है। आज डॉक्टर्स डे पर डॉ. प्रभनूर हेयर और डॉ. साहिल वाधवा को सम्मानित करना हमारे लिए गर्व की बात है, क्योंकि ये दोनों ही डॉक्टर शहर में पूरी ईमानदारी और सेवा भावना से मरीजों का इलाज कर रहे हैं।

### समाधान शिविरों की शिकायतों को समय अवधि में निपटाएं : गुरविंद्र सिंह

**पिहोवा।** उपमंडल अधिकारी नागरिक गुरविंद्र सिंह ने कहा कि समाधान शिविरों की शिकायतों को निर्धारित समय अवधि के अंदर निपटाने का प्रयास किया जाए। इस विषय को सभी अधिकारी विशेष फोकस रखकर कार्य करेंगे। इतना ही नहीं शिकायतों को पोर्टल पर भी अपडेट किया जाए। सभी अधिकारी और कर्मचारियों का प्रयास रहे कि कोई भी शिकायत आवेर डयू ना हो और प्रत्येक शिकायत का समाधान करने के उपरांत रिपोर्ट पोर्टल पर अपडेट करे। एसडीएम गुरविंद्र सिंह ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में हर सप्ताह सोमवार व वीरवार को समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है। इस दौरान आमजन की समस्याओं को मौके पर सम्बंधित विभाग के समक्ष रख अधिकारियों द्वारा निपटान किया जाता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन विभागों की शिकायतें लंबित पड़ी हुई है, उनका जल्द समाधान करते हुए आमजन को राहत प्रदान करें।



**कुरुक्षेत्र।** आचार्यो के साथ बातचीत करते प्रांत शिशु वाटिका संयोजक सोमदत्त शर्मा।

### युवा पीढ़ी को सही मार्ग पर चलने के लिए किया प्रेरित

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र में प्रांत शिशु वाटिका संयोजक एवं मेजर नितिन बाली गीता निकेतन विद्या मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य सोमदत्त शर्मा का प्रवास रहा। सर्वप्रथम माँ शारदा के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर वंदना का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय प्राचार्या श्रीमती सुमन बाला ने उनका परिचय करवाया तथा अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। सोमदत्त ने प्रेरणादायक कहानी के माध्यम से युवा पीढ़ी को सही मार्ग पर चलने तथा एकाग्रचित्त होकर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रवास के दौरान उन्होंने कक्षा-कक्षों का निरीक्षण किया व शिशु वाटिका में होने वाली गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने आचार्यों के साथ बैठक भी की जिसमें उन्होंने बताया कि हमें विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी प्रदान करने हैं। आचार्या प्रतिनिधि श्रीमती रश्मि ने आए हुए अधिकारी का आभार व्यक्त किया व कल्याण मंत्र के साथ प्रवास का समापन किया गया।

### स्वर्गीय राजेश कुमार की पावन स्मृति में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

# 170 ग्रामीणों ने उठाया स्वास्थ्य जांच का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

स्वर्गीय राजेश कुमार की पावन स्मृति में डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में गांव जागधौली स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में विशाल निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संजय शर्मा ने अपने जीवन का 2110वां निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर जनसेवा की एक और मिसाल पेश की। वर्षों से लगातार चल रहे इस सेवा अभियान के माध्यम से हजारों लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल चुका है। शिविर में



**कुरुक्षेत्र।** शिविर में मौजूद डॉ संजय शर्मा , उनकी टीम व गणमान्य विशिष्ट अतिथि।

170 से अधिक ग्रामीणों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य परामर्श, विभिन्न स्वास्थ्य जांच तथा निःशुल्क दवाइयों का लाभ प्राप्त किया। भारत लैब जागधौली के सहयोग से ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन सहित विभिन्न आवश्यक रक्त जांचें भी निःशुल्क की गईं। इस अवसर पर डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य ईश्वर का सबसे अनमोल उपहार है। चिकित्सा सेवा तभी सार्थक होती है, जब वह निस्वार्थ भाव से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

#### महिलाओं का स्वास्थ्य परिवार की खुशहाली का आधार

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. आशा शर्मा तथा डॉ. परमजीत चावला ने महिलाओं और किशोरियों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें एनीमिया से बचाव, संतुलित आहार, गर्भावस्था के दौरान आवश्यक सावधानियां, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, मासिक धर्म स्वच्छता तथा समय पर उपचार के प्रति जागरूक किया। डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य परिवार और समाज की खुशहाली का आधार है, जबकि डॉ. परमजीत चावला ने स्वस्थ मातृत्व को सशक्त राष्ट्र की नींव बताते हुए गर्भवती महिलाओं को नियमित प्रसवपूर्व जांच, आयरन एवं कैल्शियम का सेवन तथा समय पर टीकाकरण कराने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल मरीजों का उपचार करना नहीं, बल्कि एक स्वस्थ, जागरूक और खुशहाल समाज का निर्माण करना है। समाजसेवी राकेश सैनी ने जरूरतमंद मरीजों के लिए मल्टीविटामिन, कैल्शियम, आयरन एवं विटामिन-डी के एक माह के 150 से अधिक पैकेट उपलब्ध करवाए, जिन्हें पात्र मरीजों में निःशुल्क वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. संजय शर्मा, डॉ. आशा शर्मा, डॉ. परमजीत चावला, डॉ. नरेश पुरी, शिविर में सहयोग देने वाली टीम तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले गणमान्य व्यक्तियों को मेहरचंद सैनी और राकेश सैनी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को मिलेगा देश का सर्वोच्च सम्मान

# नेशनल टीचर्स अवॉर्ड 2026 के आवेदन शुरू, 10 तक करें ऑनलाइन आवेदन

### उत्कृष्ट शिक्षकों के लिए सुनहरा अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

देशभर के शिक्षकों के लिए गर्व और सम्मान का अवसर सामने आया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने नेशनल टीचर्स अवॉर्ड 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए है। यह पुरस्कार देश के सबसे प्रतिष्ठित शिक्षक सम्मानों में शामिल है जिसका उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों और स्कूल प्रमुखों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करना है। जारी आदेश के अनुसार 10 जुलाई तक इच्छुक शिक्षक स्वयं ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल रखी गई है। पात्र शिक्षक आधिकारिक पोर्टल पर पंजीकरण कर अपने नवाचार, शैक्षणिक उपलब्धियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में दिए गए योगदान का विवरण प्रस्तुत कर सकते है। इस पुरस्कार में 10 वर्ष के अनुभव की शर्त रखी गई है।

### कौन कर सकता है आवेदन

इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए मान्यता प्राप्त प्राथमिक, माध्यमिक एवं वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत नियमित शिक्षक और स्कूल प्रमुख आवेदन कर सकते है। इसमें राज्य सरकार, केंद्र सरकार, केंद्र शासित प्रदेश, स्थानीय निकाय, सहायता प्राप्त विद्यालय, निजी मान्यता प्राप्त विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, सीबीएसई, स्टेट बोर्ड एवं सीआईएससीई से संबद्ध विद्यालयों के पात्र शिक्षक शामिल है। पात्रता के अनुसार आवेदक के पास कम से कम 10 वर्ष का नियमित शिक्षण अनुभव होना आवश्यक है।


अंबाला। गणित विषय का मॉड्यूल बनाते बच्चे।

### पारदर्शी होगी पूरी चयन प्रक्रिया

पुरस्कार के लिए चयन बहु-स्तरीय प्रक्रिया के तहत किया जाएगा। पहले जिला एवं क्षेत्रीय चयन समितियां आवेदनों की समीक्षा करेंगी। इसके बाद राज्य एवं संगठन स्तर की चयन समितियां योग्य नामों को आगे बढ़ाएंगी। अंतिम चयन स्वतंत्र राष्ट्रीय जूरी द्वारा किया जाएगा। जो शिक्षकों से वर्चुअल संवाद के आधार पर श्रेष्ठ उम्मीदवारों का चयन करेगी। चयनित शिक्षकों के नाम अगस्त में घोषित किए जाएंगे जबकि राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह 4 और 5 सितंबर 2026 को आयोजित होगा।

### मिलेगा राष्ट्रीय मंच

नेशनल टीचर्स अवॉर्ड केवल सम्मान नहीं बल्कि उन शिक्षकों के समर्पण, नवाचार और विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाले प्रयासों की राष्ट्रीय पहचान है। यह पुरस्कार देशभर के शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नई शिक्षण पद्धतियों और समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है।

### प्रमाणित उपलब्धियों के लिए

मूल्यांकन के पहले चरण में 10 अंक शिक्षक की प्रमाणित उपलब्धियों के लिए निर्धारित किए गए है। इसमें विद्यालय के विकास में समुदाय एवं अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित करना, शोध पत्र, पुस्तक या शैक्षणिक लेख प्रकाशित करना, पिछले वर्षों की एपीएआर रिपोर्ट तथा अन्य प्रमाणित उपलब्धियों का आकलन किया जाएगा।

### 90 अंक उत्कृष्ट कार्य पर

चयन का सबसे बड़ा आधार 90 अंकों का प्रदर्शन मूल्यांकन होगा। इसमें देखा जाएगा कि शिक्षक ने विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में कितना सुधार किया है। शिक्षण में कौन-कौन से नवाचार अपनाए, गतिविधि आधारित शिक्षा, टीचिंग-लर्निंग मैटेरियल और डिजिटल तकनीक का कितना प्रभावी उपयोग किया। साथ ही खेल, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों, समावेशी शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता और विद्यालय में सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण विकसित करने जैसे कार्यों का भी विस्तृत मूल्यांकन किया जाएगा। राजकीय उच्च विद्यालय मंडौर के इंचार्ज गणित अध्यापक जसविंद्र सिंह ने बताया कि नेशनल टीचर्स अवॉर्ड 2026 शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों के लिए बेहद प्रेरणादायक पहल है। यह सम्मान शिक्षकों के समर्पण, नवाचार और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में उनकी भूमिका को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान देता है। मैं सभी पात्र शिक्षकों से अपील करता हूं कि वे समय रहते अपना ऑनलाइन आवेदन करे और अपने उत्कृष्ट कार्यों को देश के सामने प्रस्तुत करे। ऐसे सम्मान न केवल शिक्षकों का मनोबल बढ़ाते है बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता में भी सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करते है।

# मानसून सिर पर, मगर व्यवस्था बेखबर: सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला शहर से कांग्रेस विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री निर्मल सिंह ने मानसून से पूर्व बाढ़ नियंत्रण तैयारियों को लेकर प्रदेश सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न उठाते हुए कहा कि हर वर्ष करोड़ों रुपये बाढ़ प्रबंधन और जल निकासी व्यवस्था के नाम पर खर्च किए जाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जैसे ही वर्षा का मौसम आता है, पूरे तंत्र की वास्तविकता जनता के सामने उजागर हो जाती है। उन्होंने कहा कि यदि तैयारियां वास्तव में समय पर और ईमानदारी से पूरी हुई होतीं तो आज भी शहरों और गांवों के नाले गाद से भरे, ड्रेनेज तंत्र अवरुद्ध और जल निकासी के मार्ग बदहाल दिखाई नहीं देते। निर्मल सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने के बावजूद अंबाला शहर सहित प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में बाढ़ नियंत्रण से जुड़े आवश्यक कार्य अधूरे पड़े हैं। अनेक स्थानों पर नालों की सफाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है, जबकि कई ड्रेनों की स्थिति ऐसी है कि सामान्य वर्षा भी उन्हें उफान पर ला सकती है। प्रशासनिक दावों और धरातलीय सच्चाई के बीच का यह अंतर सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि शहर के अनेक हिस्सों में जल निकासी व्यवस्था पहले से ही दबाव में है। यदि पहाड़ी क्षेत्रों में तेज वर्षा होती है अथवा लगातार बारिश का दौर चलता है तो निचले इलाकों में जलभराव, फसलों को नुकसान, व्यापारिक गतिविधियों में बाधा और आम नागरिकों के जीवन पर संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ऐसी परिस्थितियों में समय रहते व्यापक तैयारी करना सरकार का संवैधानिक और प्रशासनिक दायित्व है, न कि केवल बैठकों और दावों तक सीमित रहना।

## चोरी के मामले में दो आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना पड़ाव पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए गांव दुखेड़ी स्थित घर से इन्र्वटर, पतीला व अन्य घरेलू सामान चोरी करने के मामले में संलिप्त दो आरोपियों को काबू किया है। शिकायतकर्ता जितेंद्र ने 30 जून 2026 को शिकायत दी थी कि 29 जून 2026 को आरोपी गांव दुखेड़ी स्थित घर की खिड़की तोड़कर घर से इंवर्टर , पतीला, बाल्टी व अन्य घरेलु सामान चोरी किया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपियों सलीम व गौरव को गिरफ्तार किया है।

## खबर संक्षेप

### विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी का आरोपी काबू

**अंबाला।** विदेश भेजने के नाम पर लाखों रूपये हड़पने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुनील निवासी गांव मुंडलाना सोनीपत के रूप में हुई है। आर्थिक अपराध शाखा निरीक्षक परमवीर ने बताया कि शिकायतकर्ता शमशेर सिंह ने 19 जनवरी 2026 को शिकायत दी थी कि 1 अक्तूबर 2024 को आरोपी सुनील व अन्य ने विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 34 लाख 50 हजार रूपये की रकम हड़प ली। उसे न तो उसे विदेश भेजा और न ही उसके पैसे वापिस किए। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी। पुलिस ने मामले में संलिप्त दोनों आरोपियों को काबू किया है। अब उनसे पूछताछ की जा रही है।

### गांव कुराली से चोरी करने के मामले में काबू

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांव कुराली क्षेत्र से खैर के पेड़ों की अवैध कटाई कर चोरी करने के मामले में आरोपी को काबू किया। शिकायतकर्ता वन विभाग के दरोगा अनिल कुमार ने 8 फरवरी 202 को थाना में शिकायत दी थी कि 7 फरवरी 2026 को आरोपी अब्दुला सतार व अन्य ने गांव कुराली क्षेत्र से खैर के पेड़ों की अवैध कटाई कर पेड़ चोरी किए है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। अब पुलिस ने मामले में संलिप्त आरोपी अब्दुला सतार उर्फ अब्दुला को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस: आकाश एजुकेशनल ने भविष्य के डॉक्टरों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़



राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस के अवसर पर, आकाश एजुकेशनल ने बुधवार को यहाँ अपने 10 पूर्व छात्रों को सम्मानित किया, जो डॉक्टर के रूप में अपना करियर बना चुके हैं और वे भी जो प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में एमबीबीएस की पढ़ाई के अंतिम चरणों में हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, डिप्टी रीजनल डायरेक्टर, जसदीप सिंह बाबरा ने कहा, "हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि पिछले 37 वर्षों से अधिक समय से हम छात्रों को डॉक्टर बनने के उनके सपने को साकार करने में मदद करके भारत के हेल्थकेयर इकोसिस्टम में योगदान दे रहे हैं। यह कार्यक्रम हमारे पूर्व छात्रों की उपलब्धियों को सराहने और चिकित्सा पेशेवरों की भावी पीढ़ियों को तैयार करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का एक तरीका है।" पिछले 10 वर्षों में, आकाश के छात्रों ने नीट में 13 बार ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की है, जो भारत के टेस्ट प्रिपरेशन के क्षेत्र में एक बेजोड़ उपलब्धि है। इसी अवधि के दौरान, आकाश के छात्रों ने लगातार एआईआर टॉप 10 रैंकों में 64% और एआईआर टॉप 100 रैंकों में 50% स्थान हासिल किए हैं।

## बुजुर्ग दंपत्ति के बैंक खातों से 1.35 लाख रुपये साफ, पुलिस ने दर्ज किया केस

**अंबाला।** साइबर अपराधियों ने ठगी का एक नया तरीका अपनाते हुए कैंट के महेश नगर के एक बुजुर्ग दंपती संतीश आनंद के दो बैंक खातों से करीब 1 लाख 35 हजार 105 रुपये की राशि निकाल ली। पीड़ितों ने किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, पासवर्ड या कोई अन्य बैंकिंग विवरण साझा नहीं किया था। पंचकूला स्थित नोडल साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन से जीरो प्राथमिकी प्राप्त होने के बाद अब थाना साइबर क्राइम जिला अंबाला ने ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयानों में महेश नगर के सतीश आनंद (68) ने बताया कि उनकी पत्नी नीरू आनंद आर्मी पब्लिक स्कूल से सेवानिवृत्त हैं। 25 जून को जब वे घर पर मौजूद थे, तो उन्होंने मोबाइल बैंकिंग एप के जरिए अपने बैंक खाते का विवरण चेक किया। खाता चेक करते ही उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सदर बाजार शाखा में उनके और उनकी पत्नी के संयुक्त खाते से पहले 5 रुपये और उसके तुरंत बाद 4,980 की राशि अनधिकृत रूप से कट हो चुकी थी। पीड़ित ने बिना समय गंवाए तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवाई। शुक्रवार और शनिवार को बैंक का अवकाश होने के कारण वे बैंक नहीं जा सके।

# रेलवे ट्रैक से मिले आईफोन से खुल सकता है दो मौतों का राज

- परिजनों को सुनियोजित हत्या का शक, पुलिस कर रही है मामले की गहनता से जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- पुलिस ने फोन को जांच के लिए भेजा

गोबिंदगढ़ के मकान में हत्या के बाद कार में रखे मनिंदर कौर के शव व मनिंदर सिंह की मौत के मामले में अब परिजनों को सुनियोजित हत्या का शक नजर आ रहा है । हालांकि रेलवे ट्रैक से बरामद हुए मनिंदर सिंह के आईफोन से गहरे राज उजागर होने की उम्मीद है।

पुलिस की टीमें इस टूटे हुए फोन को फोरेंसिक जांच के लिए भेजने की तैयारी कर रही हैं ताकि फोन में रखे डाटा व आखिरी कॉल्स व मैसेज का विवरण निकाला जा सके। बता दें कि 27 जून को मनिंदर कौर लापता हो गई थी।

उसके बाद 28 जून को गोबिंदगढ़ गांव में मनिंदर सिंह के घर पर कार में उसका शव मिला था। 29 जून को रेलवे ट्रैक से दो दिन लावारिस हालत में मिले शव की शिनाख्त मनिंदर सिंह के रूप में हुई थी। पुलिस जांच में सामने आया था कि 27 जून को ही मनिंदर कौर की हत्या हुई थी और कुछ घंटों बाद ही मनिंदर सिंह का शव ट्रैक पर मिला था। मनिंद्र के परिजनों को शक है कि यह सुनियोजित दोहरा हत्याकांड है। इसे बेहद सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया है। फिलहाल पुलिस जल्द ही मामले से पर्दा उठाने की बात कह रही है।

# हाइड्रोजन ट्रेन का रोहतक रूट पर सफल ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



हाइड्रोजन ट्रेन का लगातार ट्रायल किया जा रहा है। बुधवार को रोहतक रूट पर हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल किया गया। इसमें से एक चक्कर जींद से चक्कर किलाजफरगढ़ तक था और दूसरा चक्कर जींद से रोहतक के बीच लगाया। इसमें से जींद से रोहतक तक किए गए ट्रायल में ट्रेन 110 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से चली। वहीं दूसरे चक्कर में 115 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड से लगाया गया। इससे पहले चार बार हाइड्रोजन ट्रेन का हाई स्पीड ट्रायल जींद-सोनीपत-दिल्ली के बीच हो चुका है। जिसमें हाइड्रोजन ट्रेन की स्पीड 75 और 85 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से ट्रायल की गई है। अब ट्रेन के हाई स्पीड टेस्ट के दौरान बारीकी से सभी पहलुओं पर नजर बनाई जा रही है। आगामी एक सप्ताह तक ट्रेन का लगातार ट्रायल होने की संभावना है। अगर ट्रायल के दौरान सब कुछ सही रहा तो जल्द ही ट्रेन ट्रैक पर लौट सकती है। गौरतलब है कि पहले दिन शुक्रवार को ट्रेन को दिल्ली सब्जी मंडी ले जाया गया। वहां सब्जी मंडी और सोनीपत के बीच 85 से 120 के बीच अलग-अलग स्पीड पर ट्रायल किया गया। वहीं शनिवार को दूसरे दिन सोनीपत दिल्ली सब्जी मंडी के बीच चार चक्कर लगाए गए। इस दौरान ट्रेन को 80, 100 और 120 की अलग-अलग स्पीड मानकों पर ट्रायल किया गया। वहीं रविवार को तीसरे दिन जींद से खरैंटी के बीच 120 की स्पीड से दौड़ाया गया। इसके बाद सोमवार को चौथे दिन ट्रेन का बहादुरगढ़ व शकूरबस्ती के बीच 110 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से ट्रायल किया गया।

# मांगों को लेकर सड़कों पर कर्मचारी, जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

भारतीय मजदूर संघ हरियाणा की प्रदेश कार्य समिति के आह्वान पर बुधवार को विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को लेकर शहर में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने लघु सचिवालय पहुंच कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री नायब सैनी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राममेहर जांगड़ा ने की।

प्रदर्शनकारी कर्मियों को संबोधित करते हुए भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री विनोद शर्मा, भारतीय मजदूर संघ के प्रांत मंत्री जितेंद्र वत्स ने कहा कि गुरुग्राम में आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने स्वयं श्रमिकों को आश्वासन दिया था कि 15 जून तक सभी पात्र कर्मचारियों का रोजगार सुरक्षा अधिनियम के तहत कर्मचारियों की सेवा सुरक्षित कर दी जाएगी। परंतु ऐसा नहीं हुआ है। सरकार ने श्रमिकों की पंचायत में किए गए वादे की वादा खिलाफी की है और सरकार ने अब सेवा, सुरक्षा देने की तिथि को 15 अगस्त कर दिया। इसके अलावा भारतीय मजदूर संघ ने सरकार को अपना मांग पत्र भेजे काफी समय हो गया है। परंतु उसे पर कोई आधिकारिक बैठक सरकार ने दी। जिससे श्रमिकों की मांगों में समस्याओं का वार्ता से समाधान हो सके। इससे प्रदेश के कर्मचारी श्रमिक में भारी रोष है। उन्होंने मांग की कि सेवा व सुरक्षा कानून का लाभ सभी पात्र कर्मचारियों को देने, शेष आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को कौशल रोजगार निगम में पोर्ट करना, कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू करने, समान कार्य, समान वेतन, बोनस, ग्रेच्युटी तथा अन्य लंबित मांगों का शीघ्र समाधान करने की मांग की। प्रदर्शन में स्वास्थ्य, शिक्षा, जनस्वास्थ्य, बिजली, परिवहन, कंप्यूटर प्रोफेशनल, सहकारिता, शहरी निकाय, भवन निर्माण के श्रमिकों सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों से किए गए वादों को समय पर पूरा नहीं किया है। 26 अप्रैल 2026 को की गई घोषणाओं के बावजूद पात्र कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा का लाभ और नियुक्ति पत्र अभी तक नहीं मिले हैं।

## गैर-जमानती वारंट के तहत महिला आरोपी पकड़ी

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर की पुलिस टीम ने लूट के एक मामले में न्यायालय से जारी गैर-जमानती वारंट के तहत वांछित महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को जेल भेज दिया गया है। शिकायतकर्ता अनुज कुमार ने 20 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार 18 जनवरी 2025 को नजदीक इन्द्रलोक होटल के पास से तीन बदमाशों ने उनसे उनका मोबाइल फोन और नगदी लूट ली थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू की गई थी। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए वारदात में शामिल दो आरोपियों जिनमें एक महिला व आरोपी रजत भी शामिल था को काबू किया गया। मामले में संलिप्त आरोपी महिला न्यायालय में हाजिर नहीं हुई। इसके बाद अदालत ने उसके गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिए।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## विशेष अभियान में 164 नशा तस्कर गिरफ्तार, 7.52 करोड़ के मादक पदार्थ बरामद

# ऑपरेशन मैदान 2.0: अंबाला मंडल में नशा तस्करों पर बड़ा प्रहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



नशा कारोबारियों की कमर तोड़ने के लिए पुलिस की ओर से चलाया जा रहा विशेष अभियान 'ऑपरेशन मैदान 2.0' सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। अभियान के दौरान अंबाला मंडल पुलिस ने सुनियोजित रणनीति, आधुनिक तकनीक तथा सघन निगरानी के माध्यम से नशा तस्करों के विरुद्ध व्यापक स्तर पर कार्रवाई करते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। अभियान की समापन पुलिस महानिरीक्षक पंकज नैन ने बताया कि एक माह की अवधि में अंबाला मण्डल के तीनों जिलों में कुल 95 अभियोग दर्ज किए गए। 164 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों से लगभग 7 करोड़ 52 लाख मूल्य के विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थ बरामद किए गए। इसके साथ-साथ पूर्व में गिरफ्तार होकर जमानत पर रिहा हुए नशा तस्करों की गतिविधियों पर भी विशेष निगरानी रखी गई तथा 1204 आदतन अपराधियों को चेक करके 67 आदतन अपराधियों की हिस्ट्रीसीट भी खोली गई।

### 17 अवैध संपत्तियां ध्वस्त, नशा तस्करों पर पुलिस का शिकंजा कसा

अभियान के दौरान पुलिस द्वारा 2 किलोग्राम 867 ग्राम, 173 मिलीग्राम हेरोइन, 8 ग्राम चरस, 1 किलोग्राम 852 ग्राम 060 मिलीग्राम अफीम, 512 किलोग्राम 763 ग्राम चूरा पोस्त, 22 किलोग्राम 948 ग्राम गांजा, 33.670 ग्राम स्मैक, 7326 प्रतिबंधित कैप्सूल/टैबलेट, 200 लीटर लाहन तथा 730 बोतल शराब बरामद की गई। इसके अतिरिक्त 1 ट्रक, 14 मोटरसाइकिल तथा 5 कारें भी कब्जे में ली गईं। आरोपियों के कब्जे से 11,54,000 नकदी भी बरामद की गई। उन्होंने बताया कि 209 सीसीटीवी कैमरों को निगरानी तंत्र से जोड़ा गया। साथ ही प्रतिबंधित एवं अवैध नशीली दवाइयों की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से 1226 मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण एवं जांच भी की गई। ऑपरेशन /"मैदान 2.0/" के अंतर्गत मंडल के तीनो जिलो में पुलिस द्वारा नशा तस्करी में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी 17 अवैध संपत्तियों को ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई नशा तस्करों के आर्थिक नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है तथा ऐसे अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि अपराध से अर्जित अवैध संपत्ति को किसी भी परिस्थिति में संरक्षण नहीं दिया जाएगा। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा भविष्य में भी नशा तस्करों की अवैध गतिविधियों एवं उनकी संपत्तियों के विरुद्ध इसी प्रकार कठोर कार्यवाही जारी रखी जाएगी। नैन ने बताया कि नशा तस्करों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ नशे की गिरफ्त में आए व्यक्तियों के उपचार एवं पुनर्वास पर भी विशेष ध्यान दिया गया। अभियान के दौरान 255 नशा प्रभावित व्यक्तियों को उपचार एवं परामर्श उपलब्ध कराया गया, जबकि अत्यधिक नशे की लत से ग्रस्त 31 व्यक्तियों को बेहतर चिकित्सा एवं पुनर्वास हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया।